<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–**04 जुलाई** 2026</u> **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- आपात स्थितियों में उपचार सुनिश्चित करने को स्थापित होगा प्रदेशव्यापी एकीकृत ट्रॉमा एवं इमरजेंसी नेटवर्क। उच्चस्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिये निर्देश।
- मुख्यमंत्री ने लखनऊ में डॉक्टर राम मनोहर लोहिया अकादमी के नवीन परिसर का किया लोकार्पण। कहा– जनहितकारी नीतियों को जमीनी स्तर पर लागू करना प्रशासन का काम।
- अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर चढ़ावा मामले में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने कहा– दोषियों को मिलना चाहिए कठोर दंड।
- प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में आदर्श पशु चिकित्सालय की स्थापना करेगी सरकार। सघन उपचार के लिये पशुओं को भर्ती करने की भी होगी सुविधा।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग और विभिन्न विशेषज्ञों के साथ उच्चस्तरीय बैठक कर उत्तर प्रदेश राज्य कैंसर टास्क फोर्स तथा उत्तर प्रदेश ट्रॉमा एवं इमरजेंसी नेटवर्क –यूपीटीईएन द्वारा प्रस्तुत कार्ययोजनाओं की समीक्षा की। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश में प्रत्येक जिले तक कैंसर उपचार सुविधाएं विकसित करने तथा सड़क दुर्घटनाओं व अन्य आपात स्थितियों में 'गोल्डन ऑवर' के भीतर उपचार सुनिश्चित करने के लिए प्रदेशव्यापी एकीकृत ट्रॉमा एवं इमरजेंसी नेटवर्क स्थापित करने के निर्देश दिए। एक रिपोर्ट–

**उच्च स्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक जिले में चरणबद्ध रूप से कैंसर उपचार सुविधाओं का विकास किया जाए तथा प्रत्येक मंडल में आधुनिक कैंसर केन्द्र स्थापित किए जाएं। मरीजों की स्क्रीनिंग से लेकर उपचार और फॉलोअप तक की पूरी व्यवस्था डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ी जाए। बैठक में बताया गया कि ट्रॉमा एवं इमरजेंसी नेटवर्क के अंतर्गत एकीकृत चिकित्सा इकाइयों का विकास किया जाएगा। इसके माध्यम से प्रदेश की लगभग 95 प्रतिशत आबादी को 60 मिनट के भीतर विशेषज्ञ आपात चिकित्सा उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। समाचार कक्ष से रितेश।**

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में 464 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से निर्मित डॉ. राम मनोहर लोहिया उत्तर प्रदेश प्रशासन और प्रबंधन अकादमी के नवीन परिसर का लोकार्पण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रशासन में नवाचार और उत्कृष्टता का भाव होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बड़े पैमाने पर जनहितकारी नीतियां बनाई गई हैं। उन्हें ज़मीनी स्तर पर लागू करना प्रशासन का काम है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारी राष्ट्रहित की भावना से काम करेगा तो विकसित उत्तर प्रदेश विकसित भारत की आधारशिला ज़रूर बनेगा।

***संवेदनशील प्रशासन को प्रोत्साहित करना होगा। विकसित उत्तर प्रदेश विकसित भारत की आधारशिला बने। यह जज्बा हम सबके लिए हमारे मन में हो यह पंच संकल्प जब हम लेकर के चलेंगे परिणाम आएंगे। याद रखना विकसित भारत की आधारशिला यूपी तब बनेगा जब यूपी का हर गांव यूपी का हर कस्बा हर वार्ड आत्मनिर्भर बनेगा विकसित बनेगा और उस संकल्प को पूरा करने के लिए हमें अपने आप को तैयार करना होगा।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में तीन दिवसीय आम महोत्सव–2026 का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश के मैंगो टूरिज्म को आगे बढ़या जायेगा। इसके लिये आम की सभी किस्मों की जीआई टैगिंग करायी जायेगी। महोत्सव में पचास ग्राम के अंगूरदाना आम और पांच किलो तक के वजन वाले गजानन आम आकर्षण का केन्द्र रहे।

**********

प्रदेश में इलेक्ट्रिक व्हीकल–ईवी चार्जिंग को बढ़ावा देने के लिये सोलर आवर्स में बीस प्रतिशत टैरिफ छूट की व्यवस्था लागू की गयी है। ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने इसे पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा है कि इससे स्वच्छ और हरित ऊर्जा के उपयोग को प्रोत्साहन मिलेगा। टैरिफ में यह छूट सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक मिलेगी।

**********

उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा–यूपीटीईटी की दूसरे दिन की परीक्षा कल शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई। तीन दिवसीय परीक्षा को पारदर्शी और शुचितापूर्ण तरीके से कराने के लिए सुरक्षा के व्यापक इंतज़ाम किए गए हैं। परीक्षा के दौरान शिक्षा सेवा चयन आयोग की ओर से इंटीग्रेटेड कंट्रोल कमांड रूम से सभी परीक्षा केंद्रों की एआई कैमरों से निगरानी सुनिश्चित की गई है। आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने बताया कि यूपीटीईटी परीक्षा के अंतिम दिन आज एक पाली में परीक्षा आयोजित होगी।

**********

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में चढ़ावे में हुई अनियमितता की घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने विशेष जांच दल का गठन कर क़ानूनी प्रक्रिया शुरू की है। इसमें जो भी दोषी पाए जाएंगे उन्हें कठोर दंड मिले, यह सुनिश्चित करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि न्यास से उम्मीद है कि वह व्यवस्था और संचालन की सभी कमियों को दूर करने के लिये प्रभावी कदम उठाए।

***राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सहित संपूर्ण हिंदू समाज की न्यास से स्वाभाविक अपेक्षा है कि इस घोर निंदनीय घटना को असाधारण मानकर गंभीरता से व्यवस्था एवं संचालन की सभी कमियों को दूर करने हेतु परिणामकारक कदम उठाएं ताकि अयोध्या मंदिर पर करोड़ों रामभक्तों की आस्था व श्रद्धा अखंड एवं अटूट बनी रहे।***

वहीं इस मामले में गिरफ्तार आठ आरोपियों में से एक अविनाश शुक्ला को पुलिस ने कल रिमांड पर लेकर पूछताछ की। पूछताछ के आधार पर पुलिस उसे लेकर कौशलपुरी कॉलोनी स्थित योग आश्रम गई, जहां वह कुछ समय के लिए अपने भाई के साथ रहता था। पुलिस की टीम ने आश्रम की तलाशी ली।

**********

भारत सरकार ने स्पष्ट किया है कि जब तक पाकिस्तान सीमा–पार आतंकवाद को समर्थन देना नहीं बंद करेगा तब तक सिंधु जल संधि स्थगित रहेगी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कल नई दिल्ली में यह जानकारी दी।

***सिंधु जल संधि पर भारत का रूख पहले की तरह स्पष्ट है। पाकिस्तान की लगातार सीमापार आतंकवाद को मदद देने के जवाब में सिंधु जल संधि को रोक दिया गया था। पाकिस्तान को विश्वसनीय तरीके से सीमापार आतंकवाद को मदद देना बंद करना पड़ेगा।***

**********

श्री अमरनाथ जी यात्रा कल जम्मू कश्मीर के पहलगाम और बालतल मार्गों से शुरू हो गई। कश्मीर घाटी में, अमरनाथ यात्रा के पहले दिन कुल 12 हजार 168 श्रद्धालुओं ने अमरनाथ जी गुफा में भगवान शिव की पूजा अर्चना की। कड़ी सुरक्षा और व्यवस्थाओं के बीच तीर्थयात्रियों ने गुफा के दर्शन किए।

**********

अटल पेंशन योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025–26 में श्रेष्ठ कार्य करने वाले बैंकों, बैंक कर्मियों और बैंक मित्रों को कल लखनऊ में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में पेंशन फंड नियामक एवं विकास प्राधिकरण के महाप्रबंधक प्रवेश कुमार ने कहा कि उत्तर प्रदेश में अब तक एक करोड़ सैंतालीस लाख लोग अटल पेंशन योजना से जुड़ चुके हैं। उन्होंने बैंकों से इस महत्वाकांक्षी योजना का प्रचार–प्रसार कर इसका लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने का आह्वान किया।

**********

प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने बताया है कि राज्य सरकार प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक आदर्श पशु चिकित्सालय की स्थापना करने जा रही है। इन चिकित्सालयों में पशु को सघन उपचार के लिये भर्ती भी किया जा सकेगा। बनने वाले प्रत्येक आदर्श पशु चिकित्सालय में दो पशु चिकित्साधिकारी और पर्याप्त संख्या में अन्य स्टॉफ की तैनाती की जायेगी।

**********

गृह मंत्री अमित शाह तथा केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कल अल नीनो के कारण देश के कुछ हिस्सों में सामान्य से कम वर्षा और उसके प्रभाव की स्थिति की समीक्षा बैठक की। श्री शाह ने कहा कि सरकार अल नीनो के कारण देश के कुछ हिस्सों में सामान्य से कम वर्षा और संभावित सूखे की स्थिति पर लगातार नजर रख रही है। उन्होंने कृषि मंत्रालय और सभी संबंधित मंत्रालयों को सतर्क रहने और किसानों को उपयुक्त फसलों की बुवाई के बारे में सलाह देने के लिए राज्य सरकारों के साथ समन्वय करने का निर्देश दिया।

**********

राज्य के कई जनपदों में कल भारी से मध्यम वर्षा दर्ज की गई जबकि कुछ जिलों में उमस भरी गर्मी का दौर बना रहा। मौसम विभाग ने आज राज्य के पूर्वी हिस्से के कुछ जिलों में हल्की से मध्यम वर्षा का अनुमान जताया है। वहीं पश्चिमी जिलों में गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने और कहीं कहीं बिजली गिरने का यलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के मुताबिक अगले दो दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की वृद्धि भी हो सकती है।

**********